
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2012/43078

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर , रविवार , 02 मार्च 2025
वर्ष 13, अंक 306, पृष्ट 04,मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

एनपीएस में शिक्षक कर्मचारियों के डूबे अरबो रुपए...03

राधा वल्लभ मंदिर पहुंचे अभिनेता आशुतोष राणा..............04

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 15 दिनों के विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत

## महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने दिये स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर पिछले 45 दिनों से सनातन आस्था और अध्यात्म का अनवरत प्रवाह महाकुम्भ पर्व के रूप में संपन्न हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुम्भ 2025 का आयोजन जहां अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए जाना गया तो वहीं महाकुम्भ में स्वच्छता के भी कई कीर्तिमान बने। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही अगले 15 दिन विशेष स्वच्छता अभियान चला कर महाकुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश भी दिया है। मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के मार्गदर्शन में स्वच्छता मित्रों और गंगा सेवा दूतों ने शुक्रवार से ही मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर दी है। आने वाले 15 दिनों में प्रयागराज के संगम क्षेत्र, घाटों और मेले की स्थाई व आस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ किया जाएगा।

### सीएम के निर्देश पर 15 दिनों के स्वच्छता अभियान की शुरुआत।

विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम महाकुम्भ के अवसर पर लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ को दिव्य-भव्य के साथ स्वच्छ महाकुम्भ के तौर पर भी संचालित किया गया। 15,000 से अधिक स्वच्छता मित्रों और लगभग 2000 गंगा सेवा दूतों ने निरंतर गंगा नदी और मेला क्षेत्र को साफ और स्वच्छ बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छता कर्मियों और गंगा सेवा दूतों को सम्मानित करने के साथ मेला क्षेत्र, संगम के घाटों और प्रयागराज नगर को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश दिया है। ताकि महाकुम्भ के बाद भी तीर्थराज प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु साफ और स्वच्छ संगम में पवित्र स्नान कर सकें।

### संगम क्षेत्र को श्रद्धालुओं के लिए बनाया जाएगा स्वच्छ और निर्मल।

मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना ने सीएम योगी के निर्देशों के अनुरूप शुक्रवार से महाकुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई के विशेष अभियान की शुरूआत कर दी है। जिसके तहत अगले 15 दिनों तक निरंतर संगम के घाटों, मेला क्षेत्र, मंदिरों और स्थाई व अस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में लगाये गये 1.5 लाख अस्थाई शौचालयों को भी डिसमेंटल कर हटाया जाएगा। मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण नैनी स्थित बसवार प्लांट में किया जाएगा। इसके साथ ही जल निगम नगरीय और ग्रामीण की ओर से बिछाई गई पाइप लाइन और विद्युत विभाग की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को भी मेले क्षेत्र से हटाने का कार्य शुरू हो गया है। मेला क्षेत्र में लगाये गये साधु-संन्यासियों और कल्पवासियों के टेंट और पण्डाल हटाये जा रहे हैं। साथ ही नगर निगम प्रयागराज शहर को हरित, साफ और स्वच्छ बनाने का कार्य सुचारू रूप से कर रहा है।

## करनावल की घटना पर चंद्रशेखर ने 'पक्ष विपक्ष' पर साधा निशाना



मथुरा। करनावल की घटना पर नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने पक्ष और विपक्ष दोनों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि घटना पर बडे नेताओं के मुहं से दो शब्द नहीं निकले। रिफाइनरी क्षेत्र के गांव करनावल की घटना लगातार सुर्खियों में है। मथुरा के थाना रिफाइनरी के गांव करनावल में अनुसूचित जाति की दुल्हनों और बरातियों को पीटने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विधायक, मंत्री, सांसदों का गांव पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर मथुरा पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि यहां दो दलित बेटियों के साथ इतनी ज्यादती हुई, इन बड़े नेताओं के मुंह से दो शब्द नहीं निकले। शायद इनका भाव रहा होगा कि आरोपी भी एक खास जाति से हैं। लोकसभा सीट नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने पीडित परिवार से बात की। उन्होंने पीडित परिवार से कहा कि न्याय के लिए वे उनके साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों को भी संबेधित किया। चंद्रशेरख के गांव आने की सूचना पर बडी संख्या में युवा करनावल पहुंच गये थे। सांसद के गांव पहुंचते ही भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान भीड़ को निर्यत्रित करने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। वहीं पीड़ित के घर में बने बाथरूम की छत पर लोग चढ़ गए। ये छत कमजोर थी, जो टूट गई। सांसद को सुनने के लिए बडी संख्या में लोग जुटे थे। आसपास के मकानों पर छत पर लोग चढ गये और गलियां में दूर तक खडे रहे।

## बरसाना में गिरासू 32 भवन चिन्हित प्रशासन ने जारी किए नोटिस



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बरसाना की लठामार होली को भव्य बनाने के साथ ही विघ्नविहीन बनने के भी तमाम प्रयास जिला प्रशासन की ओर से किये जा रहे हैं। बरसाना प्राचीन गांव है। बरसाना की कुंज गलियों में लठामार होली खेली जाती है। सच में यह कोई आयोजन नहीं बल्कि एक परंपरा है जो अपने तरीके से आगे बढ रही है। ऐसे में जिला प्रशासन परंपरा में किसी तरह का बदलाव लाये बिना इसे भव्य और बाधा रहित बनाने के प्रयास करता रहा है। जिन कुंज गलियों में होली खेजी जाती है वह अट्टालिकाओं से आच्छादित हैं। इन अट्टालिकाओं पर बैठकर भी तमाम लोग लठामार होली देखते हैं। बरसाना में 32 जर्जर भवन चिन्हित किये गये हैं जिन्हें गिराया जाना है, गिराने के लिए प्रशासन ने नोटिस जारी किये हैं।उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने रंगोत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस बार बरसाना में लड्डू होली का आयोजन 7 मार्च और लठ्ठा मार होली का आयोजन 8 मार्च को होगा। इस उत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना है। समीक्षा बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि होली के इस उत्सव में देश ही नहीं विदेशी भी शामिल होते हैं। मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि बरसाना की सभी पार्किंगों की मैपिंग एवं नंबरिंग करते हुए उनका अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें। बरसाना को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर बड़े बड़े दिशा सूचना चिन्ह लगाए जाएं। पार्किंगों पर क्यू.आर. कोड स्थापित करें, जिससे कि श्रद्धालुओं को अपनी पार्किंग ढूंढने में कोई असुविधा न हो। रोप-वे वाले मार्ग पर अधिक पुलिस बल तैनात किया जाए, जिससे भीड़ नियंत्रण हो सके। उन्होंने एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिए कि बरसाना को जाने वाले सभी मार्गों पर क्रेन की सुविधा होनी चाहिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बैठक में अवगत कराया कि रंगीली गली तथा आस पास के क्षेत्र में 32 जर्जर भवनों को चिन्हित किया गया है तथा सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है। मेला से पूर्व सभी को ध्वस्त करा दिया जाएगा या फिर भवनों के आस पास बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाएंगी। गोवर्धन ड्रेन की सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। गोवर्धन ड्रेन में अब मिट्टी डालने का कार्य चालू होने वाला है। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, सीईओ उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन शंशाक चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### फायर टेंडर पहुंचाएंगे सभी 75 जनपदों में संगम का जल

**ब्यूरो प्रयागराज।** अग्निशमन तथा आपात सेवा ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संगम का जल पहुंचाने की नायाब पहल की है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से महाकुम्भ में स्नान करने नहीं आ पाए हैं, उनके लिए सरकार संगम का जल भिजवाएगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अग्निशमन तथा आपात सेवा ने यह बीड़ा उठाया है। अग्निशमन तथा आपात सेवा की अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रमोद शर्मा को निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जनपदों से आए फायर टेंडर के माध्यम से संगम का जल भिजवाया जाए। शुक्रवार से जनपदों से आए फायर टेंडर लौटना शुरू होंगे और उन सभी में संगम का जल भेजा जाएगा, ताकि लोग संगम के जल से घर पर स्नान कर पुण्य अर्जित कर सकें।

### आईजी जोन ने किया पुलिस लाइन व थाना रिफाइनरी का निरीक्षण

**मथुरा।** पुलिस महा निरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा दीपक कुमार ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को और अच्छा करने के को कहा। पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा दीपक कुमार ने पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में होने वाली साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पेरड का निरीक्षण किया। आईजी ने परेड के दौरान टोलियां बनाकर पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता को विकसित करने के लिए दौड़ लगवा कर परखा। इसके साथ ही एकता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोली वार परेड कराई। इसे ओर बेहतर करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। परेड ग्राउंड पर डॉग स्कवायड टीम और पीआरवी के वाहनों और उपकरणों का निरीक्षण किया। परेड का निरीक्षण करने के बाद आईजी जोन ने पुलिस लाइन में बनी कर्मचारियों की बैरकों के अलावा पुलिस शस्त्रागार में शस्त्रों के रख रखाव के बारे में भी जानकारी की। इसके अलावा भोजनालय, परिवहन शाखा, पुलिस केंटनी आरओ प्लांट के अलावा पुलिस लाइन में बने पुलिसकर्मियों के आवासों को भी देखा। उन्होंने पुलिस लाइन में जीर्णोद्धार किए गए 19 शौंचालयों का उद्घाटन भी किया।

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल बेगुनाह वाहन स्वामी पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। कटेहरी बाजार प्रतापपुर चमुर्खा निवासी महेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 फरवरी 2025 की शाम करीब 8 बजे गोपालपुर चौराहा, थाना अहिरौली में एक सड़क हादसा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा एक नीले रंग की मारूति बलेनो कार से हुआ, जिसे क्षेत्र में चर्चित डॉ. दिग्विजय प्रताप सिंह की गाड़ी बताया गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने डॉक्टर की गाड़ी को मौके से जाने की अनुमति दे दी। इसी दौरान, भीड़भाड़ और मौके की स्थिति को देखते हुए महेश कुमार कि गाड़ी संख्या P 45 V 9353 लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और वहां अन्य वाहनों की तरह उनकी गाड़ी भी रुक गई। इसी बीच किसी ने उनकी गाड़ी की फोटो खींचकर उसे घटना से जोड़ते हुए अगले दिन 24 फरवरी 2025 को उनके वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा दिया। प्रार्थी महेश कुमार का कहना है कि उनकी गाड़ी का इस हादसे से कोई संबंध नहीं है, बावजूद इसके पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल के उनकी गाड़ी पर मुकदमा दर्ज कर दिया। जब उन्होंने थाना अहिरौली पहुंचकर अपनी सफाई दी और सच्चाई जानने के लिए मौके पर मौजूद वाहन और डॉक्टर की बलेनो कार को बुलाकर मिलान कराने की मांग की, तो पुलिस ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। सबसे गंभीर आरोप महेश कुमार ने अहिरौली थाने के उपनिरीक्षक योगेंद्र सोनकर पर लगाया है। प्रार्थी का कहना है कि एसआई योगेंद्र सोनकर ने उनसे फोन पर संपर्क कर ?25,000 की रिश्वत मांगते हुए कहा कि अगर पैसे दे दिए जाएं, तो उनकी गाड़ी का नाम एफआईआर से हटा दिया जाएगा। पीड़ित महेश कुमार ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए न केवल अपनी गाड़ी को इस झूठे मुकदमे से मुक्त कराने की मांग की है, बल्कि दोषी पुलिसकर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस प्रकरण ने पुलिस विभाग की छवि पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस अधीक्षक इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## जिलाधिकारी ने निमार्ण कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विकास खण्ड मिठवल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मसिना खास, के परिसर में यूपी सिडको द्वारा निर्माण कराये जा रहे मल्टीपर्पज हाल एवं अन्य निर्माण कराये जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता ठीक नही पायी गयी। साथ ही भवन निर्माण के लिए प्रयोग हो रहे ईट दोयम दर्जे का पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि जिला विकास अधिकारी एवं एई डीआरडीए की टेक्निकल टीम गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद सम्बन्धित के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही ठेकेदार के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जेई वैभव सिंह को निर्देश दिया कि जितने दोयम दर्जे का ईट है उसे तत्काल वापस किया जाये। जेई निरन्तर निर्माण कार्यो एवं गुणवत्ता को देखकर ही कार्य करायेंगे।

## सम्मान समारोह ....मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ब्रजेश पाठक

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.)संगठन का महाधिवेशन व सम्मान समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सहकारिता भवन में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) का महाधिवेशन व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।

### क्या बोले यूपी के उप मुख्यमंत्री

अधिवेशन के मुख्य अतिथि पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाते हैं।

### क्या बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष

पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि संविधान के चार स्तंभों में से आज एक स्तंभ पत्रकारिता अपने आप में कमज़ोर नज़र आ रहा है।आज दिन देशभर में लगातार बढ़ रहे पत्रकारों पर हमले आये दिन हो रहे हैं। पत्रकारों का उत्पीड़न इस कदर हो रहा है कि जब कोई घटना होती है तो पत्रकार पर विना जांच किये ही मुकदमा हो जाता है जबकि और घटनाओं में ऐसा नहीं होता। हम केवल यहीं चाहते हैं कि इस तरह का भेदभाव पत्रकारों के साथ नहीं होना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि सही मायने में पत्रकारिता वो है जो बिना किसी दबाव के स्वतंत्र होकर जनता तक सच पहुंचाने का काम करती है लेकिन आजकल ऐसा देखने को कम ही मिल रहा है पत्रकारिता के इस नए युग में पत्रकारों का वर्गीकरण राजनैतिक आधार पर हो चुका है जिस वजह से उनका दायरा भी सीमित हो चुका है जो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बनने जा रहा है।

### क्या बोले जिलाध्यक्ष

वहीं लखनऊ जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि पत्रकारों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों के हर सुख दुख में संगठन उनके साथ तन मन और धन से खड़ा है।इस मौके पर जिला प्रभारी पार्थ कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार उपस्थित रहें।

## वृंदावन में खाद्य विभाग की टीम ने चलाया अभियान

### -खाद्य पदार्थों के 13 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे



**मथुरा।** आगामी त्योहार होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वस्थ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही के दौरान विद्यापीठ चौराहा, वृन्दावन स्थित मिठाई की दुकानों से पेड़े के सात नमूनें व कलाकंद का एक नमूना संग्रहित किया गया। मथुरा के गोकुल क्षेत्र स्थित मिठाईयों से पेड़े के दो नमूने तथा किराना दुकानों से चावल, चना दाल, सेंधा नमक का एक एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित कुल तेरह खाद्य नमूनों को जॉच के लिए राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश, अरूण कुमार, जितेन्द्र सिंह, दलवीर सिंह तथा खाद्य सहायक ताराचंद धारिया शामिल रहे।

## हथियारों के सौदे में शामिल हिजबुल्लाह कमांडर ढेर

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का भ्रमण कर वहां चल रही विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला, नवीन परिसर, निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी भवन, सरदार पटेल एकात्मता केंद्र, मल्टीपर्पस लेक्चर हॉल परिसर (प्रथम तल), निर्माणाधीन कुलपति आवास, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी आवास एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

# विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस- सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, अनिवार्यता है



हर वर्ष 1 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक संकल्प है–एक सुरक्षित समाज, सतर्क नागरिकों और सुनियोजित आपदा प्रबंधन की ओर बढ़ता हुआ कदम। यह दिवस उन वीर सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है, जो प्राकृतिक आपदाओं से लेकर मानव-निर्मित संकटों तक, हर परिस्थिति में अपनी जान की बाज़ी लगाकर लोगों की रक्षा करते हैं। 2025 का थीम, "नागरिक सुरक्षा, जनसंख्या के लिए सुरक्षा की गारंटी", हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक हैं? क्या हमारी व्यवस्थाएं इतनी सक्षम हैं कि हर नागरिक को यह भरोसा दिला सकें कि किसी भी आपदा की घड़ी में उसकी सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जा सकती है? यह सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि एक गंभीर चिंतन है, जो हमें नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है।

नागरिक सुरक्षा केवल आपदा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की प्रक्रिया है। वर्तमान युग में जहां प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता बढ़ रही है और मानव-निर्मित खतरों का दायरा व्यापक होता जा रहा है, वहां नागरिक सुरक्षा की अवधारणा और भी प्रासंगिक हो जाती है। भूकंप, बाढ़, चक्रवात, सुनामी, महामारी, औद्योगिक दुर्घटनाएं, आतंकी हमले और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां समाज को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में नागरिक सुरक्षा तंत्र की मजबूत नींव आवश्यक हो जाती है, जो संकट की घड़ी में सहयोग, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सके।

यह दिवस हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हमारी सुरक्षा प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह किसी भी आपदा की स्थिति में जनसंख्या की रक्षा की गारंटी दे सके? 2025 के इस थीम का सार यही है कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब कोई संकट आता है, तब सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता की असली परीक्षा होती है। आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा की योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब वे धरातल पर कारगर सिद्ध हों और प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास दिला सकें कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में नागरिक सुरक्षा की चुनौतियां भी कई गुना अधिक हैं। घनी आबादी, भौगोलिक विविधता, जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण ने सुरक्षा को और जटिल बना दिया है। इस परिदृश्य में, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) जैसे संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इन संगठनों ने समय-समय पर यह सिद्ध किया है कि सुनियोजित रणनीति, त्वरित बचाव अभियान और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है।

तकनीक के बढ़ते प्रभाव ने नागरिक सुरक्षा को एक नया आयाम दिया है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), बिग डेटा, ड्रोन सर्विलांस, सैटेलाइट इमेजिंग और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों के माध्यम से सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सकता है। आधुनिक चेतावनी प्रणाली, रियल-टाइम डाटा विश्लेषण और आपातकालीन मोबाइल एप्स ने आपदा प्रबंधन को और प्रभावी बना दिया है। उदाहरण के लिए, बाढ़ और चक्रवात जैसी आपदाओं की पूर्व सूचना के आधार पर हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी प्रकार, साइबर सुरक्षा भी नागरिक सुरक्षा का एक अभिन्न अंग बन चुकी है, क्योंकि डिजिटल दुनिया में डेटा चोरी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसी घटनाएं व्यक्तिगत और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही हैं।

नागरिक सुरक्षा केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं रह सकती, इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है। जागरूकता, सतर्कता और आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति तैयार रहने की प्रवृत्ति विकसित करना आवश्यक है। विद्यालयों, कॉलेजों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि लोग संकट की घड़ी में घबराने की बजाय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें। नागरिक सुरक्षा के तहत प्राथमिक उपचार, अग्निशमन तकनीकों, निकासी योजनाओं और आत्मरक्षा कौशल पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि हर व्यक्ति स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

अंतर्राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संगठन (ICDO) द्वारा यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि दुनिया भर में आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित किया जाए। विभिन्न देशों के बीच सुरक्षा उपायों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आपदा प्रबंधन रणनीतियों का आदान-प्रदान आवश्यक है ताकि हम वैश्विक स्तर पर नागरिक सुरक्षा को प्रभावी बना सकें। भारत में, हाल के वर्षों में आपदा पूर्वानुमान प्रणाली, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और हरित तकनीकों के माध्यम से नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। उदाहरण के लिए, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बाढ़ चेतावनी प्रणाली विकसित की गई है, जिससे संभावित बाढ़ के पूर्वानुमान के आधार पर हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है। इसी तरह, भूकंप-रोधी भवनों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।


विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान है जो हमें सतर्क रहने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देता है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक हम व्यक्तिगत स्तर पर सतर्क नहीं रहेंगे, तब तक किसी भी सुरक्षा प्रणाली की सफलता अधूरी ही रहेगी।

"नागरिक सुरक्षा, जनसंख्या के लिए सुरक्षा की गारंटी" केवल एक संदेश नहीं, बल्कि एक बुलंद आवाज़ है जो हमें आगाह करती है कि सुरक्षा किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबका सामूहिक कर्तव्य है। एक जागरूक नागरिक, एक सतर्क समाज और एक सशक्त राष्ट्र ही वास्तविक सुरक्षा की गारंटी दे सकता है। हमें यह समझना होगा कि संकट केवल बाहर से नहीं आते, कई बार हमारी लापरवाही ही हमें सबसे बड़े खतरे में डाल देती है। इसलिए सुरक्षा एक आदत बननी चाहिए, न कि केवल आपदा के समय याद आने वाली रणनीति। जागरूकता, सतर्कता और तकनीक का समुचित उपयोग ही वह आधार हैं, जिन पर एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव है। आइए, इस विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम न केवल स्वयं सतर्क रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुरक्षा को भी अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझेंगे। जब हर नागरिक सुरक्षा के प्रति सचेत होगा, तभी वास्तविक रूप से ÷सुरक्षित नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र÷ का सपना साकार हो सकेगा!

# संपादकीय

## क्या फ़िल्में बदल पाएंगी इतिहास की इबारत?



बात फिल्मों की है लेकिन सियासत की भी है। आजकल देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के तमाम विकल्पों पर एक साथ काम चल रहा है। फ़िल्में भी इसका एक मोर्चा है। फिल्मों के जरिये इतिहास के पुनर्शोधन की कोशिश देखकर हैरानी भी होती है और हंसी भी आती है। ये मामला 1941 से चलकर अब 2025 में आ गया है। सिकंदर [1941 ] से शुरू हुई ये यात्रा अब छावा [2025 ]तक आ पहुंची है।

भारत में कहा जाता है कि पहली ऐतिहासिक किरदार पर बनी पहली फिल्म सिकंदर थी। 1941 में जब ये फिल्म बनी तब तकनीक का विकास बहुत ज्यादा नहीं हुआ था इसलिए तमाम कोशिशों के बावजूद इसमें वो रंग नहीं भरे जा सके जो आज की फिल्म छावा में भरे जा सके हैं। हिंदुस्तान में फ़िल्में सियासत का औजार नहीं थीं ,वे सामाजिक चेतना का औजार जरूर थी। तब इतिहास को लेकर नजरिया भी हिन्दू-मुसलमान का नहीं था ,इसीलिए सोहराब मोदी की फिल्म में अपने जमाने के स्थापित अभिनेता पृथ्वीराज कपूर सिकंदर की भूमिका भी सहजता से कर पाए। हमारी स्मृति की पहली ऐतिहासिक फिल्म तो ' मुगले-आजम' थी। इस फिल्म को भारतीय दर्शकों ने न सिर्फ अभिनय के लिए बल्कि गीत -संगीत के लिए भी एक बार नहीं बल्कि बीसियों बार देखा। बार-बार देखा। हजार बार देखा।

मुगले -आजम के जरिये भी मुगल सम्राट अकबर को महान बताने की कोशिश नहीं की गयी थी ,बल्कि ये फिल्म प्रेम और सत्ता के बीच जंग की यशोगाथा थी। इस फिल्म में बामुश्किल केवल एक गीत रंगीन फिल्माया जा सका था। लेकिन ये फिल्म सचमुच कालजयी साबित हुई। इसे उन लोगों ने भी देखा जो आज देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से लगे हैं और खुलकर फिल्मों का इस्तेमाल अपनी राजनीति के लिए कर रहे हैं।

मुझे लगता है कि पिछले 64 साल में मुगले आजम की कामयाबी के बाद दर्जनों ऐतिहासिक विषयों पर फ़िल्में बनीं लेकिन वे दर्शकों के लिए थीं ,सियासत केलिए नहीं।आपको हैरानी होगी कि मुगले आजम बनाने वाले के आसिफ मुसलमान होते हुए भी इस फिल्म को हिन्दू-मुसलमान के लिए नहीं बना पाए । क्योंकि इस फिल्म की कथावस्तु प्रेम था जो दुनिया के हर मजहब की रीढ़ होता है। के आसिफ ने अकबर को अल्लाह की तरह महान बनाने की कोशिश नहीं की बल्कि अकबर को मुहब्बत के समाने नतमस्तक होते दिखाया ,लेकिन अब जो फ़िल्में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बन रहीं हैं उनका एकमेव मकसद दर्शकों के मन में एक खास मजहब के लोगों के खिलाफ घृणा पैदा करना है। दुःख की बात ये है कि ऐसे प्रयासों को सत्ता का संरक्षण भी हासिल है।

हिंदुत्व की स्थापना के लिए शिक्षा में परिवर्तन हो रहा है ,इतिहास का पुनर्लेखन भी हो रहा है और 'छावा' जैसी फ़िल्में भी बनाई जा रहीं हैं। मैंने 'छावा ' बार-बार देखी। तकनीक ,अभिनय और पटकथा की दृष्टि से 'छावा' बनाने में सचमुच मेहनत की गयी है। लेकिन इसके बावजूद "छावा" मुगले -आजम' की बराबरी नहीं कर पाती। क्योंकि छावा बनाते वक्त निर्माता का नजरिया केवल मनोरंजन या अर्थोपार्जन नहीं बल्कि सियासत भी है ,जो छिपाये नहीं छिप रहा। फिल्म अपने उद्देश्य में सफल भी होती दिखाई दे रही है। 'छावा' को वे दर्शक भी पर्याप्त संख्या में मिल रहे हैं जो हिन्दू राष्ट्र के समर्थक हैं। ये अच्छी बात है या नहीं ,कह पाना कठिन है।

हम उस पीढ़ी के लोग हैं जिन्होंने मुगले -आजम के बाद अनारकली भी देखी और रजिया सुल्तान भी। जोधा-अकबर भी देखी और बाजीराव मस्तानी भी। हमने पद्मावत भी देखी और मणिकर्णिका भी। हम उन दर्शकों में से हैं जिन्होंने तानाजी दी अनसंग वारियर भी देखी और अब छावा भी देख रहे हैं। फिल्मे ही नहीं अब तो धारावाहिकों का इस्तेमाल भी मुगलों को क्रूर और हिन्दू विरोधी प्रमाणित करने के लिए किया जा रहा है । ऐसे ही धारावाहिकों में हाल ही में हमारी नजर पृथ्वीराज पर भी पड़ी। इन सबका मकसद इतिहास का शुद्दिकरण है। इतिहास का भगवाकरण है। मुमकिन है कि आपको मेरी ये धारणा बुरी और राष्ट्रविरोधी लगे किन्तु जो है सो है ,इसे बदला नहीं जा सकता।

हमारे देश में ऐसे सियासदां भी हैं जो कह चुके हैं की महात्मा गाँधी को 'गांधी' फिल्म बनने से पहले कोई नहीं जानता था। ऐसे लोगों के लिए छावा जैसी फ़िल्में ही सच हैं।ऐसे दर्शक भी हैं जो गाँधी बनने से पहले गाँधी को और छावा बनने से पहले संभाजी राव को नहीं जानते थे। फिल्मों के जरिये जनता के मन में एक मजहब के प्रति नफरत बोने की कोशिश हास्यास्पद भी है और निंदनीय भी,लेकिन कुछ कि लिए सराहनीय भी। क्योंकि आज जो मुसलमान इस देश में है वो न औरंगजेब की जेब से निकला है और न महमूद गजनबी का डीएनए उसमें है। औरंगजेब को मरे हुए 318 साल हो गए हैं और मेहमूद गजनबी को मरे दो एक हजार साल से भी ज्यादा हो गए हैं। अब हमारे बीच जो मुसलमान हैं वे न मुगल हैं और न अफगानी या ईरानी। वे विशुद्ध भारतीय हैं और कोई भी फिल्म उनकी भारतीयत नहीं बदल सकती।

इतिहास में भारतीय नायकों की एक लम्बी फेहरिस्त है जो स्वराज्य के लिए कुर्बान हो गए लेकिन किसी आततायी के आगे झुके नहीं ,लेकिन वे न कांग्रेसी थे और न भाजपाई। उनके समाने अखंड भारत भी नहीं था। सबका अपना-अपना राज था और वो ही स्वराज था। ऐसे महान नायकों के किस्से हमारे बच्चों को जानना ही चाहिए ,लेकिन इनके जरिये बच्चों के कोमल मन में किसी जाति या मजहब के खिलाफ घृणा पैदा करने की कोशिश भी नहीं की जाना चाहिए। क्योंकि हमारे इतिहास में बहुत से ऐसे किरदार भी हैं जो विजातीय होते हुए भी स्वराज के लिए लड़े और मरे। हजार,पांच सौ साल पुराने इतिहास की मरम्मत कर कोई आज की पीढी का भविष्य नहीं बना सकता। लेकिन कोशिश तो कोशिश है। इस तरह की कोशिशें केवल सैकड़ों साल पुराने इतिहास को लेकर ही नहीं हुई बल्कि आज के कश्मीर,केरल और मणिपुर को लेकर भी हुई हैं। इन फिल्मों से हुए नफा-नुक्सान के बारे में दुनिया जानती है।

बहरहाल आज के दौर में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनाई जा रही फ़िल्में हों या धारावाहिक तकनीक और अभिनय के हिसाब से बहुत प्रभावी हैं। ऐतिहासिक किरदारों में भगवा ब्रिगेड में शामिल अक्षय कुमार भी शामिल हैं और संजय दत्त भी। पहले इनकी जगह मनोज कुमार यानि भारत कुमार हुआ करते थे,लेकिन वे भारतीयता और भारतीय मूल्यों को लेकर फ़िल्में बनाते थे,हिन्दू-मुसलमान को लेकर नहीं। इसलिए जब भी ऐतिहासिक फ़िल्में देखें तब ये जरूर ध्यान में रखें कि आप फिल्म देख रहे हैं न की इतिहास पढ़ रहे हैं। इतिहास चंद फिल्मों के जरिये नहीं बदला जा सकता,नहीं जाना जा सकता।

**राकेश अचल**

# हास-परिहास- सप्ताह की प्रमुख ख़बरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

**चुटकी-307**

दुबई में चैंपियन ट्राफ़ी मुक़ाबले में भारत ने कोहली के शतक की बदौलत पाकिस्तान को 45 गेंद शेष रहते 6 विकेट से हराया। पाकिस्तान में कई दर्शक निराश। कुछ दर्शकों ने भारतीय टीम पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया।

बल, दिमाग़, एकाग्रता, जितवाती है खेल।

इन तीनों के सामने, सारे जादू फ़ेल॥

दिल्ली विधानसभा के नए सत्र में सीईजी की लंबित रिपोर्ट पेश की गई जिसके अनुसार 2017 से 2021 के बीच शराब-नीति में बदलाव के कारण सरकार को क़रीब 2000 करोड़ रु. का नुक़सान हुआ। रिपोर्ट पर सदन में हंगामा करने पर 'आप' के 21 विधायक 3 दिन के लिए निलंबित।

सीएजी की बात का, कुछ तो है आधार।

तय है जाना 'आप' को, अब तो कारागार॥

तमिलनाडु सीएम स्टालिन त्रिभाषा फ़ोर्मूले पर हिंदी और संस्कृत के ख़िलाफ़ बोले- "एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है तमिलनाडु।"

हिंदी से भी वैर है, हिंदू से भी वैर।

शेष हिंद उनको सदा, लगता है क्यों ग़ैर॥

ट्रंप का गोल्ड कार्ड ऑफ़र; 44 करोड़ रु. दो, अमेरिकी नागरिकता लो।

क्यों हम बनें अमेरिकी, देकर कई करोड़।

क्या पाना धन जो कहे, मातृभूमि दो छोड़॥

बागेश्वर धाम में 200 करोड़ रु. से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले कैंसर अस्पताल का पीएम मोदी ने शिलान्यास किया। धाम प्रमुख पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा 251 जोड़ों का मुफ़्त विवाह करवाया गया। समारोह में राष्ट्रपति, मप्र के राज्यपाल और सीएम भी उपस्थित रहे।

करें मुफ़्त में शादियाँ, मुफ़्त करें उपचार।

ऐसे बाबा का करें, सब स्वागत सत्कार॥

**ओम वर्मा**

# बिहार- इतने शांत क्यों हैं 'नितीश' बाबू



हमेशा चर्चा में रहने वाले बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नितीश कुमार की खामोशी किसी को समझ नहीं आ रही है। हालांकि पिछले दिनों लालू प्रसाद यादव से कुछ नजदीकियां जरुर चर्चा का विषय बनीं थीं लेकिन आज जब बिहार विधानसभा चुनाव के लिए लगभग सात माह शेष रह गए हैं तब उनकी खामोशी भी चर्चा का विषय बन गई है। अभी दो दिन पहले बिहार सरकार के मंत्रिमंडल में विस्तार करते हुए 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। और आश्चर्य की बात कि ये सभी मंत्री भारतीय जनता पार्टी से थे। इन मंत्रियों में से चार केवल मिथिलांचल से हैं। अब मिथिलांचल के कुल मंत्रियों की संख्या 6 हो गई है। इन मंत्रियों में 3 पिछड़ी जाति के, 2 अति पिछड़े वर्ग से तथा 2 सवर्ण समाज से हैं। यानि कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अभी से अपनी तैयारियों को रुपरेखा देना शुरू कर दिया है। लेकिन नितीश कुमार अभी फ्रेम में नहीं आ रहे हैं।

बिहार राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13,

बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं। सूत्रों की मानें तो बिहार में भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अब अपने नेतृत्व में सरकार चाहता है। लेकिन केन्द्र सरकार में नितीश कुमार के समर्थन के कारण अभी बात खुलकर नहीं हो पा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले केन्द्र में जब प्रचंड बहुमत में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तब भाजपा ने यह संदेश देना शुरू कर दिया था कि अब भविष्य में बिहार में अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी से होगा। लेकिन अभी हाल ही में जब लोकसभा चुनाव हुए तो भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर सकी और उसको चन्द्रबाबू नायडू और नितीश कुमार के समर्थन की जरूरत पड़ गई। अब देखना यह है कि क्या बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने नेतृत्व की बात को आगे रखेगी या पीछे हटेगी। क्यों कि इससे नितीश कुमार नाराज हो सकते हैं और केन्द्र की सरकार उन्ही के समर्थन से चल रही है।

सूत्रों की मानें तो अभी बीच में नितीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी और लालू यादव ने भी नितीश कुमार में अपनत्व दिखाया था, उस समय राजनैतिक गलियारों में हलचल पैदा हुई थी लेकिन बात चली और शांत हो गई। इधर भारतीय जनता पार्टी अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। दिल्ली जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के हौसले बुलंद हैं। इससे पहले भी उसने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को पछाड़ दिया था। बिहार की बात करें तो मिथिलांचल एनडीए का सबसे मजबूत गढ़ रहा है, गठबंधन के 30त्न विधायक यहीं से हैं। बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को एनडीए का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा,

मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देखते हुए ही यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं जबकि दो पहले से मंत्री हैं। मंत्री बने एक विधायक बिहार शरीफ (दक्षिण बिहार) से हैं। मौजूदा कैबिनेट में 36 मंत्री, भाजपा के 21 नीतीश कुमार की मौजूदा कैबिनेट में कुल 36 मंत्री हो गए हैं। 6 मंत्रियों की जगह खाली थी। बुधवार को दिलीप जायसवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 7 जगह खाली हो गई। बिहार में भाजपा की तैयारी पूरी है लेकिन अब वह नितीश को नाराज़ नहीं कर सकती और न ही नितीश के साथ कोई चाल चल सकती है। क्यों कि वर्तमान केन्द्र सरकार नितीश कुमार के समर्थन से ही चल रही है।

अभी बीच में जब नितीश कुमार की लालू प्रसाद यादव से नजदीकियां बढ़ती दिखीं थीं तो इसमें नई संभावनाओं को जन्म दे दिया था लेकिन अचानक फिर से नितीश कुमार शांत हो गये। और फिर सब पहले जैसा हो गया। नितीश कुमार राजनीति के बड़े खिलाड़ी हैं और उनके खिलाफ होने वाली साजिश को वह पहले से पढ़ लेते हैं और यही कारण है कि वह कई बार लालू प्रसाद यादव का और कई बार भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं और आगे क्या होगा यह केवल नितीश कुमार ही जान सकते हैं। नितीश के अचानक निर्णयों को उनके सहयोगी भी नहीं भांप पाते हैं। अब आगे यही देखना है कि क्या नितीश कुमार की खामोशी किसी बड़ी चाल को रंग देने की कोशिश करेगी या सब इसी तरह चलता रहेगा।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# (शब्द संसार) महान साहित्य के पीछे शब्द शक्ति और सामर्थ्य




## सत-साहित्य से समृद्ध होता समाज।

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,

जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।

जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस के दिलों को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।

**संजीव ठाकुर,**

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रवि कुमार अवस्थी द्वारा सुशीला स्टेडी बेल एकेडमी 117-मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर परगना खैराबाद तहसील व जनपद -सीतापुर से प्रकाशित तथा महावीर आफसेट 28, हीवेट रोड लखनऊ से मुद्रित। सम्पादक रवि कुमार अवस्थी समाचार पत्र में छपे समस्त समाचार संवाददाताओं के अपने श्रोत एवं संकलन हैं, जिनसे सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। **नोट:**-उपरोक्त सभी पद अवैतनिक एवं स्वयंसेवी हैं तथा समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादो का न्याय क्षेत्र सीतापुर होगा। R.N.I NO. UPHIN/2012/43078 मो0 नं0 -9511151254,E-Mail :- news@swatantraprabhat .com

## संक्षिप्त ख़बरें

### श्री श्याम सतरंगी फागुन अमृत महोत्सव शनिवार 1 मार्च को

**बिसवां (सीतापुर)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरैनी गंज स्थित श्री श्याम सत्संग भवन में शनिवार को सायं 7 बजे से सांवरा सेठ श्री श्याम परिवार बिसवां द्वारा श्री श्याम सतरंगी फागुन अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मशहूर भजन गायकों द्वारा भजन कीर्तन, बाबा का अलौकिक श्रंगार, श्याम खजाना,लकी ड्रा, फूलों की होली, निशान पूजन, छप्पन भोग व गजरा उत्सव मनाया जायेगा। रविवार 2 मार्च को श्री श्याम सतरंगी निशान भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो प्रातः 10 बजे से श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनीगंज से चलकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए बिसवां के मिस्टरगंज स्थित श्री नृसिंहधाम मंदिर तक जायेगी।

### 04 मार्च को होगा रोजगार मेले का आयोजनः-रामवीर सिंह

**हरदोई।** जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया है कि शासन की मंशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हतु जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 4 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन ज्ञानदीप प्राइवेट आई0टी0आई0 नेवादा टड़ियावाँ, में किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्र की कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है। जो सभी नवीन रिक्तियों के लिए हैं। चयन के उपरान्त कम्पनी की शर्तों के अनुसार प्रशिक्षण में सफल होने के उपरान्त ही अन्तिम चयन किया जायेगा। जो हाईस्कूल इण्टरमीडिएट/स्नातक/परास्नातक/आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/कौशल विकास प्रशिक्षित योग्यताधारी, आयु 18 से 40 वर्ष के पुरूष व महिला अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन के पोर्टल पर पंजीकरण करने के उपरान्त ही कम्पनियों में आवेदन करें। सेवायोजन पंजीयन कार्ड एवं शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी समस्त स्व प्रमाणित एक सेट बायोडाटा तथा पासपोर्ट साइज फोटो सहित प्रातः 10 बजे ज्ञानदीप आईटीआई नेवादा टड़ियावाँ, में उपस्थित हों। आवश्यक जानकारियों एवं शर्ते कम्पनी के अधिकारियों द्वारा तत्समय ही प्रदान की जायेंगी।

### मित्रता निभानी है तो श्रीकृष्ण सुदामा की तरह निभाओ : अनूप ठाकुर महाराज

हरदोई के ग्राम असलापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक अनूप ठाकुर जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर रूक्मिणी मंगल एवं भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया ठाकुर जी महाराज ने कहा, रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी, तो उन्होंने उसी दिन से मन ही मन श्रीकृष्ण को वर मान लिया। जिस दिन शिशुपाल से विवाह होने वाला था, उसी दिन भगवान श्रीकृष्ण मंदिर से रुक्मिणी देवी को रथ से द्वारिका लाए और विवाह किया इसी के साथ अनूप महाराज ने कहा कि संसार में मित्रता निभानी है तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर एक-दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। परमात्मा से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। ठाकुर महाराज ने बताया कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चितन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। मित्रता करनी हैं तो कृष्ण और सुदामा की तरह करों, व्यास जी द्वारा मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये इसी के साथ व्यास जी ने परिक्षित मोक्ष की कथा को सुनाकर भागवत जी को विश्राम लगाया ! इस मौके पर आयोजक परिक्षित विजेन्द्र सिंह छोटे सप्तनीक, रामपाल सिंह, रामबीर सिंह, सोनू सिंह, गुड्डू सिंह, बलराम सिंह, वीरपाल सिंह, हरि सिंह, कल्लू राजपूत, बिल्ले राजपूत, झब्बू कोटेदार, शिवरतन कश्यप भूरे दिवाकर, मदन दिवाकर, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहें !

### स्कूल बस पिकअप डाला की आमने-सामने टक्कर में ड्राइवर की मौत कई घायल

**हरदोई।** मल्लावां थाना अंतर्गत मल्लावां गौसगंज मार्ग पर बरुआ बाग के पास एक एमएस ब्राइट की स्कूल बस नंबर यूपी 34एटी 5598 व पिकअप डाला नम्बर यूपी 81एफटी 3210की आमने-सामने भिड़ंत में पिकअप डाला चालक की मौत हो गई वहीं स्कूल बस में सवार पांच लोगों में तीन घायल हो गए। घायल पुरुषों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया । लोडर चालक को डॉक्टर ने परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया जिसे पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा गया। जानकारी के अनुसार एक्सीडेंटमें लोडर चालक कृपाल पुत्र बलबीर सिंह निवासी नगला जनपद हाथरस उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई।प्रमोद कुमार पुत्र परशुराम उम्र 35 वर्ष निवासी भजेहटा सरनेम यादव पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 13 वर्ष अभिषेक पुत्र मानसिंह उम्र 25 वर्ष जिन्हें घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप चालक मल्लावां से संडीला की ओर जा रहा था वहीं एमएस ब्राइट स्कूल बस मल्लावां बच्चों को उनके घरों पर छोड़कर मल्लावां की ओर आ रही थी कि तभी आमने-सामने भिड़ंत में बड़ा हादसा हो गया।

# समाजवादी पार्टी का पीडीए महिला सम्मेलन हुआ सम्पन्न

## ..... मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ पीडीए महिला सम्मेलन।

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र स्थित आशीर्वाद लॉन,शिवलर चौराहा में समाजवादी पाटी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश में तीसरा पी0डी0ए0 महिला सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । पी0डी0ए0 महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल , विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद आर0के0 चौधरी मौजूद रहे। पीडीए महिला सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह ने की। महिला सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को चांदी का मुकुट एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, सांसद आर0के0 चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह एवं पूर्व एम0एल0सी0 डॉ मधु गुप्ता को अंगवस्त्र पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया और साथ ही वहां उपस्थित सभी महिलाओं को भी अंगवस्त्र भेंट किये गये। पीडीए महिला सम्मेलन में मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत ने किया। महिला सम्मेलन में आए हुए लोगों का जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत ने जोरदार स्वागत किया । महिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि पी0डी0ए0 महिला सम्मेलन का आयोजन महिलाओं को उनके हक एवं अधिकारों के साथ ही संविधान के बारे में जानकारी देना है। आज भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को उनका हक पता न होने के कारण वह अपने अधिकारों से वंचित हैं। समाज में आज भी महिलाओं में शिक्षित महिलाओं का प्रतिशत बहुत कम है और वह सिर्फ एक गृहणी बन कर रह गयी हैं। सभी महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होना आवश्यक है तभी उनका योगदान अपने परिवार के साथ ही देश-प्रदेश की तरक्की में होगा। पी0डी0ए0 महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्त नाहिद लारी, जिला अध्यक्ष जयसिंह जयंत पूर्व विधायक अम्बरीश सिंह पुष्कर, पूर्व एम0एल0सी0 कान्ती सिंह, रामवृक्ष यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा/ प्रवक्ता नेहा यादव, सोनी चौधरी, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, वरिष्ठ नेता सहदेव सिंह यादव, श्रवण कुमार यादव एडवोकेट, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत, कुमकुम यादव, ललित राजपूत लोधी, ऊषा सेन ब्लॉक प्रमुख चिनहट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयलक्ष्मी, अंजू यादव, सुहागवती ,विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालगंज उमाशंकर वर्मा, प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, देवकली प्रसाद रावत, रंजीत यादव, रामकिशोर रावत, अकरम उर्फ बब्लू, वरिष्ठ नेता भरत यादव, नंदकिशोर यादव, रामसमुझ रावत, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बचान सिंह यादव, नवनीत सिंह, उमेश वर्मा, जगरूप यादव, अरविंद गौतम, जिला मीडिया प्रभारी रमेश सिंह %रवि%, प्रदेश सचिव युवजन सभा विजय यादव, आशा यादव, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश दिवाकर, धर्मवीर पासवान, संदीप यादव लालू, गीता यादव, रेशमा रावत, कुसमा यादव, सुषमा निर्मल, सुलेखा, सुमन यादव, नगराम चेयरमेन जीनत, अमेठी चेयरमेन शहनाज बानो, मायाराम वर्मा, अखिलेश यादव, अमरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद सुफियान, दिलीप कुमार यादव, मोहम्मद वाहिद, विजय कुमार यादव, अतुल कुमार प्रधान, धर्मवीर पासवान, मनोज कुमार यादव, मनोज पासवान, लाइकराम यादव, बृजेश यादव पूर्व चेयरमेन, रमेश राही, अनुज यादव, राजकिशोर रावत, अरुण कुमार यादव, समरपाल यादव, संजीव यादव, दिनेश कुमार यादव, विनोद कुमार वर्मा, अमरेंद्र कुमार, पदमकृष्ण यादव, मोहम्मद रईस, मनोज पासवान, शिवम यादव गोलू, शशि कुमार रावत, प्रेम गौतम, ज्योति रावत, सुरेखा यादव, विमला रावत, ज्योति वर्मा, पुष्पा रावत, ममता रावत, कांति यादव, प्रीति रावत, सुनीता यादव, चंद्रावती रावत, सरोज यादव, मुस्कान रावत के साथ हजारों महिलायें एवं समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां द्वारा गोद लिए हुए 50 टीवी मरीजों को पोषाहार व दवाएं की गई वितरित



स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर।** टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां द्वारा गोद लिए हुए 50 टी बी मरीजों को चिकित्सालय परिसर में मिल अधिकारी द्वारा पोषाहार व दवाऐ वितरित की गई। मिल के गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार ने पोषाहार वितरित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश से टी बी जैसी भयावह बीमारी पूर्ण रूप से समाप्त हो जाए। इसके लिए भारत सरकार ने टीबी मुक्त भारत अभियान चला रखा है। उन्होंने मरीजों से समय-समय पर दवायें लेने व घर पर साफ सफाई बनाए रखने की बात कही। चीनी मिल के चिकित्सक अमित सक्सेना ने मरीज को पोषाहार कैसे लेना है। वही साथ में किन किन बातो का विशेष रूप से ध्यान रखना है। इस पर विस्तार से चर्चा की । इस मौके पर गन्ना प्रबंधक अविनाश चंद्र, उप महाप्रबंधक वाणिज्य कुमार गणेश केसरवानी, उप प्रबंधक पर्सनल संतोष सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी ओ . पी.पांडे सहित मिल चिकित्सालय की टीम मौजूद रही।

# दहेज हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने नोटिस चशपा कर की कोर्ट में हाजिर होने की ताकीद




स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां इलाके के राजाडीह निवासी दहेज़ हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर कोर्ट में हाजिर होने की तक़ीद की है । जानकारी के अनुसार कोतवाली बिसवां अंतर्गत ग्राम राजाडीह निवासी दीपचंद्र पुत्र मेवालाल के घर पर एंटी रोमियो प्रभारी सीतापुर पूजा कटियार एवं कोतवाली की पुलिस आरोपी के घर पहुंची और घर पर कोर्ट में हाजिर होने को लेकर कोर्ट के आदेश पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा की कार्यवाही की। एंटी रोमियो प्रभारी पूजा कटियार ने बताया की आरोपी के ऊपर दहेज़ हत्या का मुकदमा पंजीकृत है मुकदमे में परिवार के अन्य लोग भी आरोपी है ।चार्ज सीट न्यायलय में लग चुकी है ।आरोपी दीप चंद्र फरार है उसका कोई पता नही लग रहा है कई बार घर पर दबिश भी दी गई है आरोपी मिल नही रहा है परिवार के लोग बता रहे हमे भी जानकारी नही है ग्रामीण ने भी बताया है वह यहाँ काफी समय से देखा नही गया है आरोपी कोर्ट में हाजिर हो उसी को लेकर यहां कार्यवाही की जा रही है।

# एनपीएस में शिक्षक कर्मचारियों के डूबे अरबो रुपए

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** भारतीय शेयर बाजार में गिरावट की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है।भारतीय शेयर बाजार में 28 साल की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के जो आंकड़ें सामने आए हैं वो बेहद चौकानें वाले हैं। बीते 5 महीनों में बीएसई का मार्केट कैप करीब 91.13 लाख करोड़ कम हो गया है। इसका मतलब बीते 5 महीनों में बाजार से 91 लाख करोड़ की रकम साफ हो चुकी है। एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि एनपीएस और यूपीएस देश का सबसे बड़ा घोटाला है।एनपीएस में देश के शिक्षक और कर्मचारियों का पैसा प्रत्येक दिन डूबता जा रहा है और सरकार चुप है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के जो आंकड़े जारी किए गए हैं वह चौंकाने वाले हैं पिछले 5 महीने से शिक्षक कर्मचारियों का 91 लाख करोड़ रुपए डूबने का सीधा मतलब है कि सरकार शिक्षक कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने में असफल है।


### नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि एनएम ओपीएस का राष्ट्रव्यापी आंदोलन घोषित हो चुका है जिसमें 25 फरवरी से 10 मार्च तक सांसदों को ज्ञापन, 15 मार्च से 31 मार्च तक पुरानी पेंशन बहाली के लिए जागरूकता अभियान,1 अप्रैल 2025 को शिक्षक कर्मचारी पूरे देश में एनपीएस यूपीएस के खिलाफ काला दिवस मनाएंगे तथा 1 मई 2025 को जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

### पैसा डूबने से संयुक्त मोर्चा ने जताई नाराजगी

शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने बताया कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी करीब 5.8 लाख करोड़ से घटकर 387.97 लाख करोड रुपए रह गई है। 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों के शेयर गिरावट के कारण बंद हो चुके हैं ऐसे में एनपीएस शिक्षक कर्मचारियों के लिए किस प्रकार हितैसी है इसका उत्तर सरकार को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनपीएस में जो पैसा लग रहा है वह सीधे पूंजीपतियों की जेब में जा रहा है जो शेयर मार्केट के माध्यम से डूब रहा है। शिक्षक कर्मचारियों का अरबो रुपए शेयर मार्केट में डूबने से शिक्षक कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

# धरोहर, रिश्ते, संस्कृति व सभ्यता की थीम को लेकर धूमधाम से मनाया गया बालोत्सव-3 वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




स्वतंत्र प्रभात

**कछौना(हरदोई)।** पाठशाला द ग्लोबल स्कूल कहली में बालोत्सव-3 वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी थीम हमारी धरोहर, रिश्ते, संस्कृति, सभ्यता थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव रंजन कुमार आयुष खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग ने माँ शारदे व संस्था के संरक्षक के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। जीवन में जल की उपयोगिता के लिए इसके हर एक बूंद को बचाने का संकल्प दिलाया गया। वर्तमान समय में हम सभी को आगे आकर जल संचयन व संरक्षण करने की सभी की जिम्मेदारी है। जल बचाने के लिए जन-जागरण की आवश्यकता है।

भविष्य में तभी जल संकट से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, गीत, नृत्य, मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शक मंत्र-मुग्ध हो गये। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों को काफी सराहा गया। तारे जमीन पर काफी मनमोहक प्रस्तुति थी। कार्यक्रम के माध्यम से हमारी धरोहर, संस्कृति, रिश्ते को पहचानने व संजोने से मानव सभ्यता का विकास होता है। एक कार्यक्रम में बच्चे ईश्वर की कृति हैं इसका संदेश दिया। आज भी बच्चे नंगे पैर सड़कों पर कूड़ा बीनने, भट्ठों पर, कारखाने में, दुकानों पर कार्य करने व सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर हैं। इस कोमल जीवन को सभी को बचाने का कर्तव्य है। इस कोमल बचपन को बचाने से बेहतर भविष्य को संवारा जा सकता है। विभिन्न कार्यक्रम सरस्वती वंदना, गेस्ट वेलकम, महाराणा प्रताप की वीरता व शौर्य का मंचन, जीवन में मां पिता का महत्व, मोबाइल का ज्यादा प्रयोग से होने वाली हानियां, बाल श्रम आदि विषयों पर संदेश प्रदान कर कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। विद्यालय के प्रबंधक व सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पाठशाला का सफर आपके साथ शुरू हुआ है, आपके साथ हमेशा चलता रहेगा। संस्था का उद्देश्य है कोई भी छात्र जब विद्यालय आए तो मुस्कुराता हुआ आए और वापस जाने पर मुस्कुराता हुआ जाए।

हमने एक सपना देखा है कि हमारे यहां छात्र जीवन के प्रत्येक कदम में बेस्ट करके एक अच्छे नागरिक बनकर कार्यक्रम का निर्वहन करें। बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निकालने में पाठशाला माध्यम बने। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने छात्र- छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में बच्चों के अंदर अनुशासन व टैलेंट देखकर काफी खुशी मिली। वर्तमान समय में हम सभी को समय के साथ अपडेट रखने की आवश्यकता है। हर क्षण नई चीजें आती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहे हैं। बच्चों में एक चीज कॉमन है कि उन्हें अपने आसपास, परिवेश, विद्यालय व लोगों से प्रेरणा मिली। परिवार पहली पाठशाला है। एक्टिव माइंड के लिए एक्टिव बॉडी होनी चाहिए। देश के प्रति अच्छा सोचें। बच्चों का बेहतर परफॉर्मेंस मेरे लिए एक अच्छी अनुभूति है। बच्चे, अभिभावक व शिक्षक बधाई के पात्र हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कई वरिष्ठ जनों व अपनी फील्ड के बेहतर कार्य करने वालों ने विचार अनुभव साझा किया।रॉबिन कपूर निदेशक ने बताया स्विमिंग पूल के साथ बच्चों को सेल्फ डिफेंस, जूडो व ताइक्वांडो का प्रशिक्षण देना चाहिए, इससे उनके अंदर आत्मविश्वास का इजाफा होता है।

# एस0एम0एस0 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस -2025 का हुआ आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनांक 28 फ़रवरी 2025 को जब पूरा भारत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना रहा है जो सर सी0वी0 रमन को 1930 में रमन इफ़ेक्ट पर नोबल अवार्ड प्राप्त होने के उपलक्ष में वर्ष 1986 से लागू किया गया। इसी क्रम में, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक सभा आयोजित किया। मुख्यवक्ता डॉ0भरत राज सिँह, महानिदेशक ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कें अवसर पर विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार पर व्याख्यान एक सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस के सचिव व कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिँह ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बताया कि सर सी0वी0 रमन के लगन व नये खोज से भारत का सम्मान बढ़ा, उसी दिशा में आप सभी संस्थान को उचाईयो पर पहुंचाने हेतु तत्पर रहें। सह-निदेशक डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह ने सभी को इस दिवस सर सी0वी0 रमन के जीवन पर प्रकाश डालेट हुए बधाई दी तथा अधिष्ठाता डॉ0 पी0के0 सिंह व डॉ0 हेमंत सिंह, अधिष्ठाता-इंजी0 ने स्वागत व धन्यवाद प्रस्ताव क्रमशः पारित किया। इस अवसर पर, डॉ0 आशा कुलश्रेष्ठ. डा0 अमरजीत सिंह, डा0 कमलेश सिह, डा0 अशोक सेन गुप्ता, डा0 वेद कुमार, डा0 मनमोहन, सुनीत मिश्रा, उमेश कुमार सिह, डॉ0 पुष्पाजली सिह, आदि शिक्षकगण, अधिकारी और भारी संख्या में छात्र -छात्राए व् कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीमा विस्तार में नगरीय सीमा में आए गांवों में दबंगों ने खेल कर हड़प डाली करोड़ों की सरकारी जमीन

## नगर निगम की कार्यवाही में सच आया सामने, हटवाए गए कब्जे




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** नगरीय सीमा विस्तार में आच्छादित किये गये गावों की सरकारी भूमि पर जहाँ प्रापर्टी डीलरों द्वारा सरकारी भूमि के अगल बगल के खातेदारों की भूमि खरीद करके, सरकारी भूमि में कब्जा देकर मकान बनवा देते हैं, वहीं शासन के दबंग अधिकारी भी निडर होकर सरकारी भूमि पर कब्जा करने या विक्रय करने में गुरेज नहीं करते हैं। नगर निगम जोन 4 व 7 में स्थित राजस्व ग्रामों के अभिलेखो में दर्ज नगर निगम की जमीनों का नीरज कटियार, नायब तहसीलदार नगर निगम द्वारा टीम के साथ किये गये औचक निरीक्षण में भरवारा की गाटा सं0-666 रकबा ह.ह5द्य हे0 भूमि जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। जिसे सरकार के ही पी0सी0 उपाध्याय रिटा0 पीसीएस अधिकारी द्वारा तालाब को मिट्टी से पाटकर अपने वैभव लक्ष्मी गेस्ट हाऊस की पार्किंग बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया। जिसपर राजस्व टीम के साथ उक्त तालाब की भूमि का सीमांकन कराकर नगर निगम का बोर्ड लगवा दिया। इसी प्रकार ग्राम धावा की गाटा सं0-334 रकबा 0.506 हे0 मिलजुमला भूमि में बिना विधिक विभाजन कराये,प्लाटिंग को रोककर ट्रैक्टर व जेसीबी को पुलिस चौकी में बन्द कराया गया। इसी प्रकार के कृत्य अन्य गांवों की नगरीय भूमि गणेशपुर रहमान पुर में 03 हेश्व गोयला में 0.253 हे0 भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग के कार्यो को स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से तत्काल रुकवाकर,डीलरों को अपना अवैध कब्जा स्वयं हटाने के लिए दो दिन का समय माँगने पर दिया गया।

# श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा के अवसर पर मंदिर प्रांगण से निकाली गई कलश यात्र

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा के अवसर पर मंदिर प्रांगण से शुक्रवार को कलश यात्रा सैकड़ो की संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे सहित कस्बा स्थित मंदिरों का भृमण किया गया। इस कलश यात्रा के मुख्य यजमान नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज व धर्म पत्नी सुमनलता शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पीले रंग की साड़ी व चुनरी व सिर पर कलश लेकर निकली। जिसमें कस्बे के प्रबुद्धजन सभासद, व्यापारी, नगरवासी, युवा, पूरे उत्साह के साथ जय घोष के साथ निकले। यह यात्रा तुलसी मार्केट से बाबा कुशीनाथ मंदिर बस्ती होते हुए सोमेश्वर महादेव मंदिर, रामेश्वर मंदिर, संतोषी मंदिर, पंचमुखी मंदिर, लंगड़े दास बाबा मंदिर का भृमण किया। महिलाओं को पीले रंग की साड़ी व चुनरी पहने होने के कारण सम्पूर्ण मार्ग पीतांबरी दिख रहा था। कथा के शुभारंभ से पहले कस्बा के प्रमुख मंदिर होते हुए कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं धार्मिक गीत गुनगुना रही थी। वहीं पुरुष जय श्री राम उद्घोष से पूरा कस्बा आध्यात्मिक वातावरण से गूंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की, नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने बताया हमारी धार्मिक व संस्कृति के हमारे राम धरोहर है। भगवान राम सबके आदर्श हैं। वे राष्ट्र निर्माता है और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्रोत है।

सात दिन सतत कार्यक्रम चलेगा। सुंदर श्री राम कथा का आयोजन हमारे राम कथा व्यास श्री आदर्श कृष्ण शास्त्री जी महाराज आचार्य जी नैमिषारण्य द्वारा होगा। बेहतरीन मंच तैयार व पण्डाल तैयार किया गया, जहां पर श्रोतागण कथा का रसावादन करेंगे, यज्ञशाला भी बनाई गई। महिलाएं भक्ति के गीत गुनगुना रही थी। जय श्री राम हनुमान जी के उद्घोष से वातावरण गूंजायमान रहा। पूरा वातावरण आध्यात्मिक वातावरण से उद्योग था। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। भगवान राम सबके आदर्श हैं, वे राष्ट्र निर्माता है और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्रोत हैं, जब तक हम भगवान श्री राम को आदर्श अपने सामने रखेंगे, तब तक कोई भी हमारे नगर देश धर्म और संस्कृति को परेशान नहीं कर पाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुआ किसान दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार, विकास भवन, हरदोई में किया गया। किसान दिवस में आये किसानों द्वारा अपनी समस्याएं उठाई गयीं, जिसमें मुख्य रूप से नायब सिंह ने बताया कि ऐजा फार्म से निकलने वाली माइनर की लम्बाई लगभग 5 किमी0 है जिसकी सिल्ट सफाई कराई जाये। परगट सिंह ने बताया कि विकासखण्ड हरियावां के पेंग में रजबहा की सिल्ट सफाई कराई जाये । राजबहादुर सिंह ने बताया कि बिलग्राम क्षेत्र के बैफरिया में बिजली के तार कटे पडे हैं जिन्हे जोडा जाये और बताया गया कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। नायब सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि बिना के0सी0सी0 धारक किसानों का फसल बीमा कैसे हो इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। राघवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि तालाबों, नालों आदि में पानी छोडा/भरवाया जाये। जिससे वन्य जीव और छुट्टा जानवर पानी पी सकें। जिलाधिकारी द्वारा किसानों की सभी समस्याओं के ससमय निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सिंचाई विभाग, नलकूप खण्ड और डीपीआरओ समस्त तालाबों में पानी भरवाना सुनिस्चित करें। फसल बीमा और गन्ना विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी ग्रामों में फसल बीमा और गन्ना की खेती का व्यापक प्रचार-प्रसार करते रहें। विद्युत विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी/ अधिकारी जर्जर तारों को बदलने का काम करें और किसानों तथा किसान यूनियन के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क में रहें। यह भी निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित किसान भाइयों को जिनका ईकेवाईसी, भूलेख अंकन अथवा आधार सीडिंग नहीं हुई है उनको किसान यूनियन के पदाधिकारियों और आसपास के किसानों के सहयोग से पूर्ण कर लाभ दिलवाया जाये। किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में भी किसानों को विस्तृत जानकारी दी।

**कार्यालय अंम्बर पुर ब्लॉक भदपुरा बरेली**

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अंबरपुर में मनरेगा योजना द्वारा सीसी मार्ग निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो सुरेंद्र पाल के घर से दीनानाथ के घर तक प्रस्तावित है इस निर्माण हेतु अनुमानित लागत 395596 लाख रूपए है कार्य निर्माण हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा का आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06/03/2025 को दिन के 2:00 निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी सामग्री आपूर्ति हेतु आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जिसे किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है ।

श्रीमती नन्ही देवी
ग्राम प्रधान

संगीता देवी
सचिव

## संक्षिप्त ख़बरें

### आशा कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश का बैठक सम्पन्न।

**मनकापुर गोण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत के पुराने परिसर मे आशा कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश (सीटू )के बैनर तले बभनजोत की आशा कर्मचारियों की बैठक अलका श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे आयोजन किया गया।जिसमे आठ मार्च को श्रम विभाग कार्यालय के परिसर मेअपनी समस्याओं को लेकर होने वाले धरना प्रदर्शन के बारे मे चर्चा कर रूप रेखा बनाया गया तथा इस बैठक मे मुख्य अतिथि मंडल संयोजक श्याम बरन पाण्डेय की उपस्थिति मे यूनियन की ब्लॉक इकाई गठन पर चर्चा कर गठन सर्व सम्मत से विद्यावती मौर्या को ब्लॉक अध्यक्ष, रीना शर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष, गुड़िया को उपाध्यक्ष,सुमन को महामंत्री, प्रमिला को मंत्री सहित राधा को कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को मनोनीत किया गया।कार्यक्रम मे पिंकी, उर्मिला, सुधा,सुषमा, शीला देवी सहित अधिकांश आशा कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिजली कर्मचारियों की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**मथुरा।** चौमुहां के रहने वाले खजान सिंह ने चौमुंहा उपकेंद्र अधिकारी की खिलाफ नवीन कनेक्शन न देने की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की है उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरे द्वारा जनवरी माह मैं घर पर नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन किया था सत्यापन भी विभाग द्वारा करा लिया गया है और मेरे द्वारा जमानत राशी भी जमा हो चुकी है परन्तु बिजली विभाग द्वारा अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और न ही कोई रुचि ले रहे हैं उपकेंद्र पर बार बार जाने पर कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, एक ओर मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य मैं कोई भी व्यक्ति अंधेरे मैं नहीं रहना चाहिए वहीं चौमुंहा उपकेंद्र के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों का मजाक बना रहे हैं। इस समय सभी शिक्षा बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं इन दिनों बच्चों पर परीक्षा का तनाव बना रहता है बिजली विभाग के द्वारा नवीन कनेक्शन न देने के कारण बच्चों की मनोदशा पर भी असर पड़ रहा है। उपभोक्ता का आरोप है कि अगर मेरे द्वारा विभाग को सुविधा शुल्क दे देता तो अब तक मेरे घर मैं लाइट आ गई होती मेरे घर पर बिजली का कनैक्शन न होने के कारण बच्चों की परीक्षा भी प्रभावित हो रही है।

### 350 ग्राम गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी रमण इंटर कालजे के समीप खाली पड़े प्लाट से एक युवक को नशीला पदार्थ गांजा बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। उप निरीक्षक सुशील कुमार जोशी पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को केआर इंटर कालेज के समीप खाली पड़े प्लाट के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उस युवक की तलाशी की तो उसके पास से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में युवक जीशान उर्फ चव्वनी निवासी गली लुहारान, ठेकनारनौल मौहल्ला अर्जुनपुरा थाना गोविंदनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया है।

### अपहरण व बलात्कार में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मथुरा।** शेरगढ़ पुलिस ने बलात्कार और अपहरण के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एक लड़की को अगवा करके उसके साथ दुराचार करने के मामले में थाना शेरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में अभियुक्त गांव जंघावली निवासी मुफीद व नगला सियालतीका थाना कामा जिला डीग राजस्थान वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आज इन दोनों को शेरगढ़-अकबरपुर रोड पर जंघावली की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### सांसद हेमा मालिनी ने किया श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दर्शन

मथुरा। स्थानीय सांसद हेमा मालिनी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंच कर ठाकुर जी के दर्शन किये। प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा के साथ पहुंची सांसद का संस्थान की प्रबन्ध समिति के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने अगवानी की, वे भागवत भवन पहुंचकर भगवान राधा कृष्ण के युगल स्वरूप को निहारती रहीं। उन्होंने श्रृंगार सज्जा की प्रशंसा करते हुए अपने सुझाव भी साझा किए। संसद में यमुना शुद्धिकरण की चर्चा के सम्बन्ध में सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यमुना के निर्मलीकरण सम्बन्धी कार्य योजनाओं को प्राथमिकता पर शीघ्र पूर्ण कराने की इच्छा व्यक्त करने की जानकारी देते हुए स्वयं शीघ्र निरीक्षण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूजाचार्यों द्वारा उन्हें प्रसाद व अंगवस्त्र स्वरूप चुनरी प्रदान की गई ।

# उत्तर पूर्व में एबीवीपी और प्रांतिक चेतना मंच द्वारा आयोजित सीमा दर्शन अभियान के तहत विभिन्न जिलों के 65 छात्रों बराक घाटी आ रहे हैं

## दो दिवसीय कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्सव का माहौल लाएगा

स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि (करीमगंज)।** असम के बराक घाटी में दो दिवसीय कार्यक्रम होने जा रहा है, इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रयास और सीमांत चेतना मंच पूर्वोत्तर के संयुक्त सहयोग से भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का दौरा करने के लिए दो दिवसीय सीमा दर्शन अभियान कार्यक्रम के तहत आज 28 फरवरी (शुक्रवार) को ब्रह्मपुत्र घाटी के विभिन्न जिलों से 65 छात्रों का एक टीम काछार और श्रीभूमि जिले में आ रहा है। कार्यक्रम की निर्धारित तिथि 1 और 2 तारीख को शाम तक है। 2 (फरवरी) की रात को प्रस्थान करेंगे। इसमें छात्रों को कुल 5 समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक समूह में परिषद के विभिन्न जिलों से 15 छात्र और स्थानीय 2 कार्यकर्ता होंगे। काछार जिले में 2 टीमें काटिगढ़ा और जालालपुर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रहने वाले परिवारों के साथ इन सभी छात्रों के साथ रहेंगी और सीमा का दौरा करेंगी। विशेष रूप से किन्नरखाल बीओपी, लेवारपुता बीओपी, महादेवपुर बीओपी, नातानपुर बीओपी का दौरा करके सीमा निवासियों के साथ बातचीत करेंगे और सीमा समस्याओं के विकास पर एक सर्वेक्षण करेंगे। असम श्रीभूमि जिले में, 31 छात्रों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है। वे लठिटीला बीओपी, बारोपुंजी बीओपी, आदमटिला बीओपी, भंगा बीओपी, टीलकचंद रोड बीओपी, लक्ष्मीबाजार बीओपी, सुतारकंडी बीओपी, लातू बीओपी का दौरा करेंगे। इन सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों और सीमा सुरक्षा बल के साथ उनकी सुविधाओं के बारे में बात करने और स्थानीय परिवारों के साथ रात बिताने के लिए दो संगठनों द्वारा व्यवस्था की गई है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, छात्र सीमा क्षेत्रों में जो कुछ भी देखेंगे, उस पर एक सर्वेक्षण रिपोर्ट गुवाहाटी में 3 मार्च को समापन समारोह में प्रस्तुत करेंगे, अधिकारियों ने कहा। यह ध्यान देने योग्य है कि सभी ने एबीबीपी और शिमांतो चेतना मंच पूर्वोत्तर के असाधारण प्रयासों की सराहना की है ताकि छात्रों की उभरती पीढ़ी को सीमा के बारे में जागरूक किया जा सके। इस प्रयास के कारण के लोगों ने सराहन की।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों की कराई जांच

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** उड़ान सोसायटी ने अपने शिक्षा प्लस परियोजना के तहत जनपद के जवां विकासखंड की साथा ग्राम पंचायत में ले0 कर्नल नितिन भाटिया मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। उड़ान सोसायटी के अध्यक्ष डा? ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि शिव नाडर फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से जवां विकासखंड की तीन ग्राम पंचायतों साथा, नागौला एवं तालिबनगर में शिक्षा प्लस परियोजना के तहत साक्षारता कार्यक्रम से जुड़े शिक्षार्थियों एवं उनके परिजनों के लिए यह शिविर लगाया गया है । डा0 मिश्रा ने बताया कि इस शिविर के दौरान 108 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच कर मुफ्त चश्मे का वितरण करने के साथ-साथ 36 मोतियाबिंद के रोगियो को भी चिन्हित किया गया है । इन चिन्हित रोगियों के के आंखो का निशुल्क आपरेशन भी अलीगढ़ के जाने दूमाने निजी अस्पतालों में करवाया जाएगा। शिक्षा प्लस कार्यक्रम के रिसोर्स कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार नें बताया कि वर्तमान में इन ग्रामों में 23 जनशिक्षकों की नियुक्ति कर लैपटॉप एवं प्रॉजेक्टर के उपयोग से 67 बैचो में कुल 1250 निरक्षर व्यक्तियों के लिए 90 दिवसीय सीएमएस क्लास आयोजित की जा रही है । इन शिक्षार्थियों के द्वारा सफलता पूर्वक पाठ्यक्रम पूरा करने उपरांत इन्हें साक्षारता का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा । माह सितंबर तक इस कार्यक्रम के तहत कुल 3000 निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा । इस कार्यकर्म को सफल बनाने में ग्राम प्रधान ओमवाती देवी विनोद कुमार, ले0 कर्नल नितिन भाटिया मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रुचि सक्सेना , साधना सिंह एवं भावना तथा शिक्षा प्लस कार्यक्रम के फील्ड समन्वयक नासिर आली व डॉली हंस,जनशिक्षक कौशलेन्द्र ,गायत्री देवी, पुनीत चौहान,कल्पना राणा ,रुक्मणी एवं कोमल द्वारा सराहनीय भूमिका निभाई गयी।

## राधा वल्लभ मंदिर पहुंचे अभिनेता आशुतोष राणा

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** वृंदावन के अठ खंभा स्थित प्राचीन ठाकुर राधावल्लभ मंदिर में शुक्रवार को मशहूर फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे। जहां मंदिर के तिलकायत अधिकारी आचार्य मोहित मराल गोस्वामी से उन्होंने ब्रज की भक्ति परंपराओं, संस्कृति, पौराणिक मान्यताओं आदि को लेकर आध्यात्मिक चर्चा की। शुक्रवार सुबह फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा अपने परिकर के साथ आराध्य ठाकुर राधावल्लभ लाल के दर्शन को पहुंचे। मंदिर के युवराज शोभित लाल गोस्वामी के सानिध्य में विधि विधान से उन्होंने ठाकुर राधावल्लभ लाल का पूजन अर्चन किया। इस दौरान वह अपलक ठाकुरजी की मनोहारी छवि को निहारत रहे और पूर्ण भक्ति भाव में नजर आए। अपने आराध्य के दिव्य अलौकिक दर्शन के लिए वह पूर्ण उत्साहित नजर आए। इस दौरान प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया। अपने चहेते अभिनेता को अपने मध्य पाकर प्रशंसक हर्षित दिखे। आशुतोष राणा ने कहा कि मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मंदिर में सैकड़ो वर्षो से चली आ रही प्राचीन परंपरा के अनुसार होली महोत्सव का आयोजन किया जाता है। एक महीने तक अनवरत रूप से चलने वाले इस होली महोत्सव में ठाकुरजी अपने भक्तों के साथ होली खेलते है। जो अपने आप में अलौकिक व अद्भुत है। इस अवसर पर विशाल लाल गोस्वामी, सुकृत लाल गोस्वामी, गौरव लाल गोस्वामी, उदित गोस्वामी, सक्षम गोस्वामी आदि उपस्थित रहें।

## भव्यता से मनाई जाएगी अहिल्याबाई की जन्मजयंती

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई जन्मजयंती समारोह समिति द्वारा दो मार्च को उनकी जन्म जयंती के अवसर पर एक मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड पर दोपहर दो बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एवं एवं जिले भर की महिलाओं को निमंत्रण देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया। महानगर कार्यवाहिका प्रीति बंसल ने कहा कि कार्यक्रम में संपूर्ण मथुरा विभाग से माताओं और बहनों को आमंत्रित किया गया है कि वे आएं और देवी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र का श्रवण करें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध लेखिका सुश्री चिन्मय मुले रहेंगी, मुख्य अतिथि आरएसएस के पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संघचालक सूर्यप्रकाश टोंक रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कविता अग्रवाल बंटा ने कहा कि कार्यक्रम में अध्यक्ष संजू चौधरी रहेंगी एवं विशिष्ट अतिथियों में आगरा से श्रीमती रेणुका डंग, रुचि अग्रवाल, डॉ मीनाक्षी शर्मा, एवं डॉ दीपा अग्रवाल रहने वाली हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति की बौद्धिक प्रमुख सुनीता जी ने बताया की देवी अहिल्याबाई संघ के समन्वैचारिक संगठन राष्ट्र सेविका समिति की प्रेरणा स्रोत एवं आदर्श रहीं हैं, आज के आधुनिकीकरण के माहौल में जहां युवतियां एवं महिलाएं स्वयं के साथ अपनी धर्म, भक्ति एवं परिवार का सामंजस्य बनाना कठिन मानती है उनको देवी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे एक शासिका होते हुए भी वो जीवनपर्यंत एक पारिवारिक और धर्मपरायण महिला बनी रहीं। संपूर्ण देश में खंडित किए गए हजारों मंदिरों का जीर्णोद्धार उनके द्वारा कराया गया, उनके राज्य के सीमा में नहीं आने वाले मंदिरों का भी जीर्णोद्धार उनके द्वारा कराया जाना यह दर्शाता है कि वह अत्यंत धार्मिक एवं करुणामई महिला थीं। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग प्रचारिका सविता कुमारी ने संपूर्ण मथुरा जिले की मातृशक्ति का आवाह्न किया है वे कार्यक्रम में पधारकर कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करें। प्रेस वार्ता में दीनदयाल नगर की कार्यवाहिका कविता बंटा, महानगर कार्यवाहिका प्रीति बंसल, कार्यक्रम संयोजिका दीपा जी, प्रांत कार्यवाहिका ललिता जी, महानगर बौद्धिक प्रमुख सुनीता जी एवं विभाग प्रचारिका सविता उपस्थित थे।

## सिंधी उत्सव चेटीचंड महोत्सव की तैयारियां शुरू

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** सिन्धी जनरल पंचायत ने लगातार 15 दिन चलने वाले सिंधी उत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में आयोजित बैठक में सिंधी उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लेकर सभी कार्यक्रमों की घोषणा की गई। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि चेटीचंड का पर्व सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है। सिंधी उत्सव के मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने बताया कि सिंधी उत्सव की शुरुआत 11 मार्च को बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में होली मिलन से होगी तथा 24 मार्च को स्वामी लीलाशाह जयंती मनाई जायेगी, इस उपलक्ष में नगर संकीर्तन यात्रा और सत्संग होगा, वहीं सिंधी युवाओं द्वारा 25 मार्च को रक्तदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को कृष्णा आर्चिड में भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई जाएगी। वरूणदेव झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलन के साथ चेटीचंड का आगाज होगा, वहीं एक अप्रैल को भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने सजातीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि सिंधी कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और एकता का परिचय दें। बैठक में शामिल सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, महामंत्री बसंतलाल मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, कन्हैयालाल भाईजी, गुरुमुखदास गंगवानी, भगवानदास मंगवानी, जितेंद्र लालवानी, झामनदास नाथानी, सुदामा खत्री, रमेश नाथानी, अशोक अंदानी, विष्णु हेमानी, कन्हैयालाल खत्री एडवोकेट, अमित आसवानी, अशोक डाबरा, लक्ष्मणदास वाधवानी, जीवतराम चंदानी, डॉ प्रदीप उकरानी, सुरेश मेठवानी, जितेंद्र भाटिया, पीताम्बर रोहेरा, चंदनलाल आडवानी, हरिश चावला, सुंदरलाल खत्री, मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी, गिरधारी नाथानी, महेश घावरी, दौलतराम खत्री, सुरेश मनसुखानी, मिर्चूमल कोतकवानी, अनिल मंगलानी, राजेश खत्री, तरुण लखवानी आदि ने सभी विषयों पर चर्चा की।

## सर्वजन के हितका कार्यकर रही संस्थाएफ आरसीटी के बस्ती जिला कार्यकारिणी का विस्तार : चंद्रमणि पांडे

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** सर्वजन के हित का कार्य कर रही संस्था एफआरसीटी के बस्ती जिला कार्यकारिणी का विस्तार क्रम प्रारंभ हो गया है। जिसमें तहसील हरैया व कप्तानगंज ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया ।एफआरसीटी की कोर कमेटी द्वारा तहसील हरैया के संरक्षक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रमणि पाण्डेय सुदामा जी को संरक्षक/तहसील प्रभारी, रवीश मिश्र को ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम शुक्ला को महामंत्री, त्रिभुवन यादव को कोषाध्यक्ष, भरथराम राम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुशील पाण्डेय को उपाध्यक्ष,योगेश कसेरा को प्रवक्ता,सत्यदेव शुक्ला एवं पवन वर्मा को मीडिया प्रभारी, दिलीप पांडेय को आईटी सेल प्रभारी, राम आशीष को मंत्री,केएल तिवारी एवं बलबीर सिंह को विधिक सलाहकार अमन कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री और दिनेश श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।वही कप्तानगंज ब्लाक इकाईमें सूर्य प्रकाश पाण्डेय को ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार को महामंत्री, नवल किशोर सिंह को कोषाध्यक्ष, राम प्रकाश चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नयन कुमार निषाद को उपाध्यक्ष, शिक्षक गिरजेश दूबे को प्रवक्ता, बृजेश कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी,असलम अंसारी को मंत्री, अधिवक्ता वीरेंद्र चौधरी को विधिक सलाहकार,अनिल कुमार निषाद को संगठन मंत्री,राम जियावन यादव को संयुक्त मंत्री एवं बृजेश कुमार पाण्डेय को आईटी सेल का प्रभार दिया गया।एफआरसीटी के संस्थापक महेंद्र वर्मा ने कहा कि सर्वजन के हित में कार्य कर रही यह संस्था पूरी पारदर्शिता के साथ अपने सदस्यों के मदद के लिए निरंतर खड़ी रहेगी एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बताया हर घर तक संस्था को पहुंचाने में एक जागरूक पहल की आवश्यकता है। जिससे लोग संस्था में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ सकें।

कोर कमेटी के बस्ती प्रभारी प्रणव द्विवेदी ने कहा कि एफआरसीटी 22 फरवरी से पहले पंजीकृत सदस्यों के बालिका विवाह के लिए बालिका विवाह शगुन योजना के अंतर्गत अपने वैधानिक सदस्य की बिटिया के विवाह हेतु 5 लाख रुपये तक का आर्थिक मदद कर पात्रों को लाभ पहुंचाया जाएगा। बस्ती के जिलाध्यक्ष अरुण मिश्रा ने अपील किया कि विभिन्न सेक्टर से जुड़े सभी पदाधिकारी अपने अपने सेक्टर के साथ अन्य लोगों को जागरूक करते हुए सदस्यता अभियान में तेजी से कार्य करेंगे तो निश्चित ही उत्तर प्रदेश में एक अच्छी टीम तैयार होगी और हम एक दूसरे के सहयोग से विषम परिस्थितियों में एक बड़ी धनराशि अपने वैध सदस्यों को उपलब्ध करवा सकते हैं।

## पीडीए समाज की एकजुटता ही अखिलेश यादव को बनाएगी 2027 का सत्ताधीश : मिठाई लाल भारती

स्वतंत्र प्रभात



**पीलीभीत।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री मिठाई लाल भारती जी का जनपद पीलीभीत आगमन पर उनका सपीलीभीत एवं पूरनपुर में जगह जगह फूलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया... इस दौरान समाजवादी पार्टी का समाजवादी पीडीए सम्मेलन एक निजी मंगलम बैंकट हॉल ब्लॉक रोड पूरनपुर में आयोजित किया गया समाजवादी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मिठाईलाल भारती ने पीडीए सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा, पीडीए समाज अगर एकजुट हो गया तो 2027 में अखिलेश यादव जी ही सत्ताधीश होंगे तब भाजपा की तानाशाही और साम्प्रदायिक सोच से प्रदेश को निजात मिलेगी, प्रदेश का चौमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा भाजपा का विकास का कोई एजेंडा नहीं है यह लोग केवल झूठ और फरेब की राजनीती करते हैं, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहां, पार्टी को मजबूत करने के लिए पीडीए समाज और वर्गो को जोड़ने के लिए घर-घर पीडीए पर्चा व संदेश पहुंचाने का काम कर रहा है, पार्टी ने अपने बलबूते पर 37 सीटें जीतकर इतिहास रचा,अगले विधानसभा में चुनाव पीडीए के बदौलत, हम प्रदेश में सरकार बनाएंगे,मा श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनायेंगे, बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर जी के संविधान के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम सपा गांव-गांव में PDA के समाज कर रहीं हैं, इस समय किसानों को दिन-रात आवारा पशुओं की रखवाली करनी पड़ रही हैं, अभी तक गन्ना किसानों के लिए मूल्य भी घोषित नहीं कर पाई हैं । जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा आज देश में, प्रदेश में और शहर में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन यह लोग कोई विकास नहीं करा पा रहे हैं भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी मैं आकंठ डूबे यह लोग जनता का भला नहीं कर सकते। सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सरकार से आमजन बहुत चिंतित है,लोगों को बेतहाशा बढ़ें हुए टैक्स की मार झेलनी पड़ रही है हम समाजवादी लोग इसकी लड़ाई भी लड़ रहें हैं। सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर ने अपने संबोधन में कहा नौजवानों को अच्छी शिक्षा मिलें , प्रदेश में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं हों तथा रोजगार के अवसर युवाओं को मिलें और प्रदेश का बिना भेदभाव विकास हो अखिलेश यादव की यह सोच तभी फलिभूत होगी ज़ब सपा सत्ता में आएगी, इसलिए धर्म, जाति अगड़े और पिछड़े का भेद मिटाकर सभी लोग सपा को मजबूत करें। सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने अपने संबोधन में कहा समाजवादी पीडीए सम्मेलन व जनचर्चा पंचायत के माध्यम से समाज के शोषित, वंचित एवं पीड़ित लोगों को एकजुट करने का काम कर रही है... पूर्व प्रत्याशी आरती महेंद्र ने कहा कि आज पीडीए पंचायत के माध्यम से आज जनता समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ने का काम कर रही है सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज ने अपने संबोधन में कहां कि जब तक पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज, शोषित, महिलाएं,व उच्च वर्ग के प्रताड़ित लोग, एक प्लेटफार्म पर नहीं आएंगे, तब तक मान, सम्मान, और विकास नहीं हो पाएगा, सभी से अनुरोध हैं ,समाजवादी पार्टी से जुड़कर प्रदेश में सरकार बनाएं, मा श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाए... कार्यक्रम का संचालन कर रहे 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने सपा पीडीए सम्मेलन में सम्मिलित सभी सम्मानित नेतागणों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व सम्मानित जनता का आभार व्यक्त किया.।.

### पीएम मोदी आज कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर वेबिनार में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 मार्च को दोपहर 12-30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। वेबिनार का उद्देश्य हितधारकों को एक केंद्रित चर्चा में शामिल करना और 2025 की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीति बनाना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वेबिनार के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी, जिससे बजट में उल्लिखित दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। इस वेबिनार का उद्देश्य निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों सहित प्रमुख हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। वेबिनार शनिवार को सुबह 10 बजे शुरू होने वाला है और इसमें सात से आठ वक्ता विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री दोपहर 12-30 बजे मुख्य भाषण देंगे और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लंच के उपरांत दोपहर बाद 3-30 बजे अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com